बाबूलाल मराण्डी
नेता प्रतिपक्ष (पूर्व मुख्यमंत्री)
झारखण्ड

पता : बी.पी.डी.पी. गेस्ट हाउस, मोरहाबादी,
राँची-834008 (झारखण्ड)
दूरभाष : 0651-2960966
मोबाईल : 7004173300
ई-मेल : yourbabulal@gmail.com

पत्रांक : 178/LOP/2026 दिनांक : 21.3.2026

माननीय मुख्यमंत्री जी,

आप अवगत होंगे कि गृह विभाग द्वारा वर्ष 2024 के अंतिम महीने में मुख्यमंत्री/पूर्व मुख्यमंत्री/राज्यपाल महोदय के उपयोगयार्थ एवं अति विशिष्ट महानुभावों के आवागमन पर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से 17 बुलेट प्रुफ वाहन (फॉर्चूनर) खरीदी गई है।

मेरी जानकारी के अनुसार इन 17 नए बुलेट प्रुफ वाहनों में आपके उपयोग हेतु 3 फॉर्चूनर BP वाहन, लोकभवन (राजभवन) को 2 BP वाहन एवं शेष 12 BP फॉर्चूनर वाहन HQRT में रखा गया है। आपको अवगत कराना चाहूँगा कि HQRT में VIP Movement के नाम पर रखी गई नई BP वाहनों में से 3–4 वाहन ही प्रयुक्त होते हैं, बाकी वाहनों को अन्यत्र रखा गया है, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है।

आपको भी अनुभव होगा कि यदि नए वाहनों का उपयोग लम्बे समय से नहीं हो रहा है, तो वैसे वाहन खराब हो जाता है, फिर प्रयुक्त होने लायक नहीं रह जाता है। यदि इन BP वाहनों का उपयोग नहीं हो रहा है तो खरीददारी ही नहीं करनी चाहिए, इससे जनता के पैसे की बर्बादी भी नहीं होती।

आपके जानकारी में लाना चाहता हूँ कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को जो BP वाहन उपलब्ध कराया गया, दस–बारह वर्ष पुरानी गाड़ी है एवं लगभग दो लाख कि.मी. चल चुका है, इसकी हालात ठीक नहीं है, आए दस–पन्द्रह दिनों में परिभ्रमण के दौरान खराब होते रहता है। मुझे भी जो BP वाहन आवंटित है, काफी पुरानी है एवं आए दिन खराब होते रहता है।

इस सम्बन्ध में कहना चाहूँगा कि कई नई BP फॉर्चूनर वाहन जो छिपाकर रखा गया है, इसका उपयोग हो ताकि रखे–रखे खराब नहीं हो। इसलिए मेरा सुझाव है कि इन रखे गए नए BP वाहनों को Chief Secretary, D.G.P., Home Secretary, एवं Cabinet Secretary को आवंटित कर दिया जाय ताकि गाड़ी का प्रयोग होता रहे।

सधन्यवाद!

सेवा में,
श्री हेमन्त सोरेन जी,
माननीय मुख्यमंत्री,
झारखण्ड सरकार, रांची।

आपका

(बाबूलाल मरांडी)
21.3.2026